# सरपंच गांव के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का ध्वजवाहक है : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान सरपंच संघ की ओर से आयोजित पंचायती राज सशक्तिकरण एवं अभिनंदन समारोह में बोलते हुए कहा कि सरपंच ग्रामीण विकास की मुख्य धुरी है। वह गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की हर योजना को पहुंचकर इसका लाभ दिला सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि पिछला पंचायत राज का चुनाव कई चरणों में होने के कारण हमने राज्य में वन स्टेट वन इलेक्शन लागू करने का फैसला लिया। इसमें एक साथ पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव नहीं हो सकते थे । इस कारण हमने लोकतंत्र मूल भावना को समझते हुए वर्तमान सरपंचों को ही प्रशासक लगाने का फैसला लिया। अब आप लोगों की जिम्मेदारी है कि आपको जो समय मिला है। इसमें आप ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं और उनका लाभ दिलाए। इस अवसर पर शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है स्वच्छ भारत इसको ध्यान में रखते हुए हमने गांव में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चले । इसके लिए पहली बार राज्य में सफाई की बीएसआर बनाई गई है। अब आप लोगों का दायित्व है कि गांव में सफाई की व्यवस्था सुधार करें। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास प्लस व खाद्य सुरक्षा का पोर्टल का है उसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाया जाए। इस अवसर पर केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद सरपंच रह चुके थे और उन्होंने जन भावनाओं को समझते हुए जो प्रशासक नियुक्त करने का फैसला लिया है । उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।



# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को मिली चार दुर्लभ आयुर्वेद सम्बन्धित पाण्डुलिपियों की प्रति


बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कई वर्षों पूर्व आमजन के बेहतर स्वास्थ्य ओर चिकित्सा के लिये लिखी गई प्राचीन पांडुलिपियों को आयुर्वेद आयुर्वेद चिकित्सा और शिक्षा में शोध के लिये राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानक विश्वविद्यालय जयपुर का आयुर्वेद पाण्डुलिपि विभाग पूरे देश से मिलने वाली प्राचीन पांडुलिपियों और ग्रन्थों का संरक्षण कर रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा में शिक्षा और शोध के लिए पाण्डुलिपि विभाग के दल को जैन ग्रन्थालय जयपुर से 4 दुर्लभ आयुर्वेद सम्बन्धित पाण्डुलिपियों की छाया प्रतियाँ लोकहितार्थ संरक्षण के लिये दी गई।

**प्रो. असित कुमार पांजा ने जानकारी देते हुए बताया :** पूज्य राष्ट्रीय सन्त आचार्य श्री विद्यासागर जी की प्रेरणा से संस्थापित ओर पूज्य श्री प्रणम्य सागर जी महाराज एवं पूज्य मुनि श्री समत्त्व सागर जी महाराज के विशेष सहयोग से संचालित जयपुर स्थित जैन ग्रन्थालय में 600 से अधिक पांडुलिपियों को संरक्षित किया गया है। यहाँ आयुर्वेदाचार्य के विद्यार्थी वैभव जैन, दीपक कुमार जैन, शुभम जैन, सिद्धांत शाह पुणे, प्रसन्न जैन, धैर्य डांगरा एवं अर्चित जैन ने पांडुलिपि की माइक्रोफिल्मिंग एवं उनको संरक्षित करने का कार्य कर रहे है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पांडुलिपि विभाग से डॉ. प्रवीण कुमार बी., अनिल कुमार शर्मा सहायक आचार्य के साथ आयुर्वेद पाण्डुलिपियों के अवलोकन के लिए आयुर्वेद पाण्डुलिपि विभाग के दल ने आयुर्वेद सम्बन्धित दुर्लभ पाण्डुलिपियों का निरीक्षण साथ ही ग्रन्थालय की समिति सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय को हाईवे रिसर्च और आमजन के स्वास्थ्य लाभ के लिए दी गई प्राचीन पांडुलिपियों की प्रति के लिए आभार व्यक्त किया।

# सावित्रीबाई फुले एवं रमाबाई अंबेडकर की संयुक्त जयंती सहित दसवां बौद्ध धर्म सम्मेलन सात फरवरी को जयपुर में

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** हम चले फुले,अंबेडकर,बुद्ध की ओर अभियान के अंतर्गत राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले एवं माता रमाबाई अंबेडकर की संयुक्त जयंती समारोह एवं दसवां बौद्ध धर्म सम्मेलन सात फरवरी को जयपुर के महेश नगर अस्सी फिट रोड अंबेडकर पार्क में सुबह साढ़े दस बजे से आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय डॉ अंबेडकर महात्मा ज्योतिबा फुले साहित्य अकादमी राजस्थान की ओर से आयोजित सम्मेलन के मुख्य संयोजक पूरन सिंह मौर्य ने बताया कि हम चले अंबेडकर फूल बुद्ध की ओर अभियान के अंतर्गत दसवां बौद्ध धर्म सम्मेलन आयोजन के मुख्य उद्देश्य है कि बहुजन समाज और भारत के सर्व समाज को राष्ट्रीयता की भावना से प्रेरित करना। साथ ही देश में समता, समानता, भाईचारा, न्याय, स्वतंत्रता की भावना पैदा कर देश की और राज्य की सत्ता में आर्थिक, प्रशासनिक, समान भागीदारी सुनिश्चित करने की ओर अग्रसर करना। इसके अलावा देश के सभी धर्म, पंथों, संप्रदायों में प्रेम मोहब्बत से रहने का वातावरण बनाना और सभी नागरिक हिंदू, मुस्लिम ,जैन, बौद्ध ,ईसाई , सिख सभी धर्म ,पंथ, संप्रदायो में प्रेम और भाईचारा बनाना है। सम्मेलन के सह संयोजक भवानी शंकर माली एवं महता राम काला ने बताया कि इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले के वंशज प्रशांत यतीश फूले (पुणे,महाराष्ट्र) होंगे। वहीं समारोह की मुख्य वक्ता प्रोफेसर आशा लता कामले (मुंबई) की महान विदुषी जिन्होंने अनेक पुस्तकों का लेखन किया है माता सावित्रीबाई, फुले रमाबाई अंबेडकर पर सुबोध पूर्ण लेखिका है, वे होगी तथा विशिष्ट अतिथि राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत, आरक्षण अधिकार मंच के अध्यक्ष राजाराम मील सहित गणमान्य लोग होंगे। समारोह के दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर की पुस्तक मुक्ति कौन पथे यानी मुक्ति का मार्ग क्या है का विमोचन कर राजस्थान सहित सभी राज्यों में वितरित की जाएगी।

# आशा बाल भारती स्कूल में बसंत पंचमी महोत्सव मनाया

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे की सामलपुरा रोड़ स्थित आशा बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्थान निदेशक रामलाल चाहर ने बताया कि मां सरस्वती का खजाना अनोखा है जिस को आप जितना खर्च करेंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा अर्थात जितना अपने ज्ञान का प्रचार प्रसार करेंगे उतना ही ज्ञान आपका बढ़ता चला जाएगा। साथ ही उन्होंने किए जाने वाले हवन के बारे में हवन की महत्वता के बारे में बताया कि समय-समय पर हवन यज्ञ करने से हमारा पर्यावरण शुद्ध होता है और पर्यावरण में स्थित वायरस इन से निकलने वाली धूआ से नष्ट होते हैं तथा हमारा पर्यावरण के प्रति लगाव बढ़ता है तथा हमें सद्बुद्धि मिलती है इसलिए समय-समय पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाना चाहिए। इस अवसर पर बालक बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मंच संचालन व्याख्याता गोपाल कुमावत ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सुरेंद्र,बाबूलाल, सीताराम,अर्जुन यादव,छोटू राम,बद्रीनारायण,उमेश,पवन,मनीष, विष्णु, सरोज वर्मा, निर्मला,सुमन चौधरी,रेखा यादव, अनिता कुमावत,एकता चौधरी, संजना वर्मा,रामनिवास,गणेशराम चौधरी, रामेश्वर चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की कार्रवाई : लाखों की अवैध शराब तस्करी के मामले में 10 साल से फरार आरोपी हरियाणा से दस्तयाब

## बांसवाड़ा जिले से 20 हजार रुपये का है इनामी, थाना कोतवाली टीम को सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने सीआईए रोहतक टीम की मदद से लाखों रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा से गुजरात तस्करी करने के मामले में 10 सालों से फरार चल रहे आरोपी ट्रक मालिक राजकुमार निवासी करोथा जिला रोहतक (हरियाणा) को उसके गांव से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। बांसवाड़ा जिले से 20 हजार रुपये इनामी उक्त आरोपी को जिले की कोतवाली थाना पुलिस को सौंप दिया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि बांसवाड़ा जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने 19 मार्च 2015 को नाकाबंदी तोड़कर भागे ट्रक को दाहोद लिंक रोड पर रोक लाखों रुपये कीमत की हरियाणा निर्मित अवैध शराब के 500 कार्टन व साबुन व सर्फ के 800 कार्टन जप्त कर मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया था। आरोपी फर्जी सॉप फैक्ट्री व ट्रांसपोर्ट कम्पनी के बिल और बिल्टी की आड़ में हरियाणा निर्मित अवैध शराब गुजरात तस्करी कर ले जा रहे थे। मामले में आरोपी ट्रक मालिक राजकुमार घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। इस संपूर्ण कार्रवाई में एएसआई शैलेंद्र कुमार व कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका, हेड कांस्टेबल मदन लाल, अरुण कुमार व कांस्टेबल कुलदीप सिंह की सराहनीय भूमिका रही। रोहतक सीआईए टीम से एएसआई संतकुमार, दिनेश कुमार व हेड कांस्टेबल विकास कुमार शामिल थे।

# सांभरलेक सरपंच संघ ने किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** राजस्थान सरपंच संघ के बैनर तले जयपुर पंचायतीराज सशक्तिकरण एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सांभरलेक सरपंच संघ के अध्यक्ष चंदालाल चौधरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का अभिनंदन किया गया। इस दौरान खेड़ीराम सरपंच ममता यादव,बरडोती सरपंच मूलचंद गुर्जर,सिनोदिया सरपंच गिरधारी कुलहरी,श्रवण जांदू,हरिराम वर्मा,मुकेश यादव,पुरुषोत्तम मीणा,लक्ष्मण वर्मा,बाबूलाल सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी से आत्मीयता के साथ मिल रहा हूं. जब मैं सरपंच था तो देखता था कि दिल्ली हो या जयपुर, लेकिन विकास की डोर सरपंच है. गरीब, किसान और जरूरमंद के विकास की कड़ी सरपंच ही है. सीएम ने अपने सरपंच पद के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उस समय जो कर सकता था वो किया, लेकिन मेरे मन में हिलोरें आती है. उस समय और बहुत कर सकता था।

# घुमंतू समाज के साथ पक्षपात रवैया को देखते हुए विधानसभा कूंच का ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भजनलाल सरकार के घुमंतू समाज के उत्थान के प्रयासों पर पक्षपात करने वाले अधिकारियों पर पलीता लगाने का आरोप लगाते हुए भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के नेतृत्व में घुमंतु,अर्ध घुमंतु तथा विमुक्त जाति समाज के पंच पटेलों,नागरिकों तथा कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों तथा प्रशासन के निचले स्तर के कर्मचारियों के पक्षपात पूर्ण रवैये के कारण सरकार के आदेश के बावजूद हजारों लोगों को यथा स्थान पर पट्टे नहीं मिलने पर विधानसभा कूंच का ऐलान किया है। जयपुर के गोनेर रोड स्थित बागरियों की ढाणी मैं आयोजित घुमंतू समाज हित में आयोजित शिविर में भजनलाल सरकार की ओर से घुमंतू समाज हित में चलाए जा रहे ऐतिहासिक कार्यक्रमों पर चर्चा की गई एवं धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही आदेशों की अनुपालना में रोड़ा अटका रहे सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ विधानसभा में बड़े प्रदर्शन के लिए नौ सदस्य कमेटी का गठन किया गया। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में पंचायती राज विभाग ने घुमंतु अर्ध घुमंतु तथा विमुक्त जाति समाज के लोगों को यथा स्थान पर पट्टे देने के आदेश सरकार ने दे दिए हैं। इसके बावजूद कहीं ग्राम पंचायत तथा पंचायत समिति स्तर पर ग्राम सचिव तथा विकास अधिकारी आदेशों की पालना नहीं कर रहे हैं । इस कारण आज प्रदेश भर में घुमंतु समाज सड़कों पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शहरों में घुमंतू समाज जिस भूमि पर रह रहा है। इस भूमि पर पट्टे देने हेतु सरकार ने सर्वे का कार्य शुरू किया था। जिसे शहरी निकाय में भू माफियाओं के इशारे पर नाचने वाले अधिकारियों के कारण रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया। कमोबेश यही काम जयपुर विकास प्राधिकरण में भी हुआ है । जिसमें सर्वे के नाम पर कार्य करने के लिए ना तो कर्मचारी उपलब्ध कराये गये ना ही इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया। बल्कि भू माफिया को घुमंतू समाज की कच्ची बस्तियों को कब्जा कर नकली कागजात के दम पर पट्टे लेने मैं मदद का कार्य जोर-शोर से चला दिया गया जिसकी जांच होनी चाहिए।

# बस-बाइक में भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मालवीय नगर थाना इलाके के झालाना में सोमवार देर रात बाइक और बस में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले की जांच दुर्घटना थाना पूर्व पुलिस कर रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। पुलिस के अनुसार मूलतः धौलपुर निवासी 26 वर्षीय अजय कुमार मीणा पुत्र केदार मल जगतपुरा में रहकर प्राइवेट जॉब करता था। बाजार से लौटने के दौरान रात करीब 9 .30 बजे टीला नम्बर दो पर बस से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में अजय कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सेटेलाइट अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एसएमएस अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां पर उसकी देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी। परिजनों के जयपुर पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवाकर शव को सौंप दिया गया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल दिलीप ने बताया कि बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हुई है।

# जीडी गोयनका ग्रुप ने की विस्तार की घोषणा : 2028 तक 200 स्कूल खोलने का लक्ष्य

## आधुनिक बुनियादी ढांचे और समग्र शिक्षा के साथ बदलाव की ओर एक कदम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/राष्ट्रीय ।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जीडी गोयनका ग्रुप ने अपने विस्तार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत देशभर में 14 नए स्कूल खोलने की घोषणा की है। यह पहल 2028 तक 200 किंडरगार्टन से कक्षा 12 तक के स्कूल और 500 प्री-स्कूल स्थापित करने के लक्ष्य का हिस्सा है, जिससे पूरे देश में उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा को मजबूत किया जाएगा। नए स्कूल अहमदाबाद, गांधीधाम, मुंडका, झांसी, बंगुर एवेन्यू, हरदोई, अयोध्या, शाहजहांपुर, उन्नाव, कुपवाड़ा, रुड़की, बस्ती, हजारीबाग और छीब्रामऊ में खोले जाएंगे। प्रत्येक संस्थान अत्याधुनिक सुविधाओं, आधुनिक बुनियादी ढांचे और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पाठ्यक्रम से सुसज्जित होगा, जिससे विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। इन स्कूलों का उद्घाटन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को पूरे भारत में सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जैसे-जैसे हम विस्तार कर रहे हैं, हमारा लक्ष्य जीडी गोयनका स्कूल्स की विरासत को विभिन्न समुदायों तक पहुँचाना है, ताकि छात्र हमारे प्रसिद्ध शिक्षण पद्धतियों और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे का लाभ उठा सकें, जीडी गोयनका ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री निपुण गोयनका ने कहा। यह विस्तार जीडी गोयनका ग्रुप के उस मिशन को रेखांकित करता है, जिसके तहत छात्रों को समृद्ध शैक्षणिक वातावरण, अत्याधुनिक तकनीक और नवीन शिक्षण पद्धतियों से सशक्त बनाया जाता है। नए स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, उन्नत प्रयोगशालाएँ, समृद्ध पुस्तकालय और व्यापक खेल सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, ताकि विद्यार्थियों को संपूर्ण शिक्षण अनुभव मिल सके।

समग्र विकास को बढ़ावा देने की अपनी विरासत को जारी रखते हुए, जीडी गोयनका स्कूल्स हमेशा से पाठ्येतर गतिविधियों, चरित्र निर्माण और सामुदायिक सहभागिता को प्राथमिकता देते आए हैं। नए स्कूल भी इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएँगे, जिससे छात्रों को बौद्धिक विकास के साथ-साथ व्यक्तिगत और सामाजिक कौशल में भी निपुण बनाया जा सके।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT CHAINPURA (SIKAR)**

No.: Sppp./09 Date: 03.02.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Various Civil Constrcution work Gram Panchayat Chainpura are invited from interested bidders upto 06:00 PM of 10.02.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state..

UBN No.: PIV2024WSOB00191
TO PIV2024WSOB00195

**Sarpanch**
Gram Panchayat
Chainpura

**Village Devolpment Officer**
Gram Panchayat
Chainpura

## अवैध देशी कट्टा व तीन जिंदा कारतुस सहित एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये एक युवक को गिरफ्तार किया है। एसएचओ मोहर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि सोमवार 03 फरवरी की रात्रि को एसएचओ मोहर सिंह के नेतृत्व में हैड कानि. सुरेन्द्र, कानि. विक्रम सिंह, कानि. महेन्द्र सिंह व सुरेश कुमार की टीम गश्त करते हुये केशवाना स्थित रीको एरिया में पहुँची तो वहाँ से एक युवक गिर्राज उर्फ गज्जु (23) पुत्र गाडाराम गुर्जर निवासी हमीरपुर, हरसौरा (बानसूर) को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा व तीन जिंदा कारतुस बरामद किये। पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## विशाल भण्डारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 08 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम पाथरेड़ी स्थित बाबा भोमियां जी महाराज मंदिर के सामने भोमियां बाबा मंदिर पर शिवालय एवं बजरंग बली मंदिर, राजकीय विधालय में माँ सरस्वती की मूर्ति स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आगामी 08 फरवरी शनिवार को किया जायेगा। इससे पूर्व 07 फरवरी शुक्रवार को रात्रि 08.15 बजे से मां सरस्वती पाठ व हनुमान चालिसा पाठ का आयोजन होगा। एड. प्रेमप्रकाश शर्मा पाथरेड़ी ने बताया कि इस दौरान पल्स हॉस्पिटल कोटपूतली व डॉ. बी. लाल लैबोरेट्री कोटपूतली की टीम द्वारा निश्‌शुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर हरियाणा की गायिका राजबाला बहादुरगढ़ एवं विनोद मेहता एण्ड पार्टी, संजय पटेल, रोहिताश दायमा, छोटा बच्चा मास्टर गौरव कंचन यादव व डांसर डिम्पल पंजाबन एवं गिर्राज लालवाड़ी व डी.जे. किंग मुकेश मुक्कड़ केहरपुर द्वारा सांस्कृतिक एवं रागनी की प्रस्तुति दी जायेगी। इस अवसर पर सभी दानदाताओं व पंचायत क्षेत्र पाथरेड़ी के निवासी छात्र-छात्राओं जिन्होनें गत वर्ष सत्र 2023-24 में किसी भी विद्यालय से कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं, स्नात्तक व स्नातकोत्तर में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक व कक्षा 08 वीं व 05 वीं में ए व ए+ प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जायेगा।

## अलवर में शाम को होगी गंगा घाट जैसी आरती:काशी-प्रयागराज के पंडित पहुंचे, दिव्य नजारा जगन्नाथजी मंदिर तक दिखेगा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** काशी व प्रयागराज में गंगा घाट पर होने वाली महाआरती जैसा भव्य व दिव्य नजारा मंगलवार शाम 6 बजे अलवर शहर के होपसर्कस पर देख सकेंगे। जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। काशी के पंडित अलवर आए हैं। यह अद्भुत कार्यक्रम दैनिक भास्कर अलवर संस्करण के 21वें स्थापना दिवस पर मंगलवार शाम 6 बजे होपसर्कस पर होगा। आरती की दिव्यता का नजारा अलवर के आराध्य देव जगन्नाथ जी के मंदिर तक रहेगा। यह सब अलवर के विकास व अलवरवासियों की खुशहाली के लिए है। आप सब इस कार्यक्रम में शाम 6 बजे पहुंचे। सही जगह वाहन पार्किंग कर पुलिस प्रशासन का सहयोग भी करें। यह कार्यक्रम में अलवर दैनिक भास्कर व संयुक्त व्यापार महासंघ के प्रयासों से होगा।

### काशी के पंडित महाआरती करवाएंगे

संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हरमीत मेहंदीरत्ता ने बताया कि तैयारी पूरी हो चुकी है। अलवर शहर में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। काशी के पंडितजी यहां महाआरती कराएंगे। हजारों अलवरवासी इसमें शामिल होंगे। जैसा हम काशी के घाटों पर देखते हैं। ठीक वैसा ही यहां देख सकेंगे। संयुक्त व्यापार महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि होपसर्कस पर जहां महाआरती होगी। उसकी भव्यता को जगन्नाथ जी मंदिर तक देख सकेंगे। त्रिपोलिया महादेव मंदिर बीच में है। कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो चुकी हैं। प्रेम पवित्र भोजनलाल के संचालक ललित बेनीवाल ने बताया कि अलवर शहर के हृदय स्थल होपसर्कस पर महाआरती होना अपने आप में जिले की खुशहाली के लिए बड़ा अच्छा कार्यक्रम है। जिले भर से लोग महाआरती में आने की तैयारी में हैं।

## अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम बाड़मेर में सुनील कुमार शर्मा करेंगे प्रतिनिधित्व

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत विभाग द्वारा अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास कलिंगा होटल बाड़मेर में 7 फरवरी 2025 से 11 फरवरी 2025 तक पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति सचिव सुनील कुमार शर्मा अलवर जिले के थानागाजी व नारायणपुर ब्लॉक का बाड़मेर में प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा युवतियां उपस्थित होंगे। नेहरू युवा केंद्र अलवर जिला युवा अधिकारी पंकज यादव ने बताया कि युवा राजस्थान के अलवर जिले से 27 राष्ट्रीय स्वयंसेवक व राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा बाड़मेर में 7 फरवरी से 11 फरवरी तक चलने वाले युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की योजना एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक कार्यक्रम युवा संवाद, पंच प्रण व विकसित भारत 2047, एक भारत श्रेष्ठ भारत, नशा मुक्ति अभियान, साइबर सिक्योरिटी जागरूकता, वित्तीय प्रबंधन पर व्याख्यान, खेलकूद इत्यादि गतिविधि आयोजित करवाई जाएगी। इस कार्यक्रम से अलवर के युवा बाड़मेर की ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति, जीवन शैली, वेशभूषा, रहन-सहन के बारे में जानने का प्रयास करेंगे।

## कोटा स्टेशन पर कार्यरत 61 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** विश्व कैंसर दिवस के अंतर्गत दिनांक 04 फरवरी को कोटा रेलवे स्टेशन पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुपर्णा सेन रॉय के मार्गदर्शन में अनुबंध पर कार्यरत स्टाफ हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्टेशन पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 61 कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जाँच कर उचित चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ ललित ने कैंसर के प्रारम्भिक लक्षणों को पहचानने, उनके कारण, उनके बचाव एवं निदान पर प्रकाश डाला एवं इस वर्ष कि थीन यूनाइटेड बाय यूनिक पर बोलते हुए बताया कि इस थीम का उद्देश्य लोगो को ये बताना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं लोगों के साथ से जीतने वाली लड़ाई है।

# गैर जिम्मेदार लोगों के रवैये से सड़क बनी तालाब

### स्टेट हाईवे 52के यात्री परेशान, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** उपखण्ड क्षेत्र से गुजर रहे स्टेट हाईवे संख्या -52 से गुजरने वाले सड़क मार्ग पर आजकल तालाब बनते नजर आ रहे हैं। जिससे आमजन परेशान है, वहीं प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं है।हरसौरा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच व वर्तमान पंचायत समिति सदस्य राम मित्तल ने बताया कि थाने से पूर्व व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के बाद सड़क पर पानी भरा हुआ है। जिससे आमजन परेशान है। दुपहिया वाहन चालक व पैदल यात्री व विद्यार्थी खासी परेशानी का सामना कर रहे हैं। सड़क पर पानी भराव के चलते असामाजिक तत्व तेज गति से वाहन चलाकर पैदल यात्रियों को गंदे पानी से गन्दा कर देते हैं। जिसके चलते उन्हें वापिस घर आकर दूसरे कपड़े बदल कर जाना पड़ता है। मित्तल ने बताया कि मैंने स्वयं इसकी शिकायत साधारण सभा की बैठकों और उच्च अधिकारीयों को बताया है लेकिन समस्या जस की तस है।उन्होंने बताया कि इधर से सार्वजनिक निर्माण विभाग की अधिकारी भी नियमित गुजरती हैं कई अधिकारी और और कर्मचारी भी गुजरते हैं पर कोई इस और ध्यान नहीं दे रहा।उधर बानसूर नगर पालिका क्षेत्र में हरसौरा मार्ग पर ऊपली कोठी के पास सड़क पर पानी भरा रहता है। वहाँ भी समस्या उपरोक्त जैसी ही है। हमारे संवाददाता ने इसकी तहकीकात की तो पाया कि इस पानी भराव के पीछे गैर जिम्मेदार लोग हैं जो राजनीतिक रुआब दिखाकर लोगों को परेशान कर रहे हैं। जिसके चलते सड़क तो खराब हो ही रही है पर आमजन परेशान नजर आ रहा। वहीं सार्वजनिक निर्माण विभाग की अधिशाषी अभियंता नीलम पूनिया ने बताया कि उक्त रास्ते से मैं भी नियमित गुजरती हूँ। विभाग द्वारा अनेकों बार जेसीबी भेजकर पानी निकासी का प्रयास किया गया लेकिन गैर जिम्मेदार लोग इसका विरोध करते हैं पुलिस जाप्ता मिला नहीं है। पर मैं मानती हूँ कि पुलिस सिर्फ हमारे काम के लिए अकेले थोड़े ही है उसे पूरे थाना क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराना होता है। पूनिया ने बताया कि रही नगर पालिका क्षेत्र की बात तो सार्वजनिक निर्माण विभाग सड़क और नालों की सुविधा तो उपलब्ध करवा सकता है पर क्या नालों की साफ -सफाई की व्यवस्था भी सार्वजनिक निर्माण विभाग करे।

नगर पालिका क्षेत्र में नालों की सफाई की व्यवस्था करना नगर पालिका का कार्य है। वहीं नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़क के साथ पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण करवाना चाहिए था जो सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा नहीं करवाया गया। नगर पालिका द्वारा स्टीमेट बनाकर भिजवाया जा रहा है। जैसे ही मंजूरी मिल जाएगी हम सड़क के पास नाली निर्माण का कार्य करवाकर पानी निकासी की व्यवस्था करेंगे। यादव ने नालों की सफाई के बारे में कहा कि यह मेरी जानकारी में नहीं है और ना ही किसी ने शिकायत की है कि नालों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। आपके बताने पर मैं स्वयं इसका निरिक्षण कर नालों की सफाई करवा दी जाएगी।

### टाइगर मैराथन दौड़'में जिले सहित देश के विभिन्न राज्यों के दौड़ेंगे धावक

## अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत 9 फरवरी को अलवर शहर में आयोजित होगी 'टाइगर मैराथन दौड़'

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव 5 फरवरी को टाइगर मैराथन दौड़ के रूट का करेंगे निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अलवर सांसद और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन फिट इंडिया हिट इंडिया से अभिप्रेरित अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत 9 फरवरी को अलवर शहर में टाइगर मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। इस टाइगर मैराथन दौड़ में अलवर जिले सहित देश के विभिन्न राज्यों से भी धावक हिस्सा लेंगे। अलवर सांसद और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री यादव 5 फरवरी को प्रात: 11 बजे टाईगर मैराथन दौड के प्रारम्भ स्थल प्रताप ऑडिटोरियम पहुँचकर टाईगर मैराथन दौड के रूट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे।

उल्लेखनीय है कि टाइगर मैराथन दौड प्रताप ऑडिटोरियम से प्रारम्भ होकर अहिंसा सर्किल से होते हुए परशुराम सर्किल से वापिस इसी रास्ते से प्रताप ऑडिटोरियम पर आकर सम्पन्न होगी।

### 21 किलोमीटर हाफ मैराथन का ये रहेगा रूट

टाइगर मैराथन में 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप सर्किल से लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप चौराहे से मिनी सचिवालय के सामने से निकलते हुए कटी घाटी से अहिंसा सर्किल पहुंचेगी और वहां से यह दौड़ अलवर जयपुर मार्ग पर सिल्वर ऑक स्कूल के सामने से और चोर डूंगरी के पास से गुजरते हुए परशुराम सर्किल पहुंचेगी। जहाँ से यू टर्न लेकर यह दौड़ वापस अहिंसा सर्किल और कट्टी घाटी से स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी।

### 10 किलोमीटर दौड का ये रहेगा रूट

10 किलोमीटर टाइगर मैराथन दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप सर्किल से लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप चौराहे से मिनी सचिवालय और सरस डेयरी के सामने से निकालकर कटी घाटी होते हुए अहिंसा सर्किल पहुंचेगी वहां से यू टर्न लेकर यह दौड़ कटी घाटी और भवानी तोप होते हुए इंदिरा गांधी स्टेडियम पर समाप्त होगी।

### 5 किलोमीटर दौड़ का ये रहेगा रूट

5 किलोमीटर की शक्ति रन दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप चौराहे होते हुए लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप सर्किल से सरस डेयरी के सामने से गुजरते हुए कटी घाटी पहुंचेगी जहां से यह दौड़ यू टर्न लेकर सीधे इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी।

### 2 किलोमीटर पैरा दौड़ का ये रहेगा रूट

2 किलोमीटर टाइगर पैरा दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप होते हुए लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप चौराहे से स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी।

## नवनियुक्त जिला रसद अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

### राशन डीलरों ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कोटपूतली-बहरोड़ में सोमवार को नवनियुक्त जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर डीलर संघ जिलाध्यक्ष बाबूलाल रावत के नेतृत्व में रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा का साफा, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने राशन डीलरों को जिम्मेदारी एवं ईमानदारी से कार्य करने की बात कही। जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े।

इस दौरान मुकेश कुमार, रामावतार सैनी, जगदीश सुरेला, अशोक जैन, दीपाक्षी शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## कार में लगी आग, आग में जलकर राख हुई कार, चालक व उसका साथी रहे सुरक्षित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** बरोनी थानान्तर्गत पीपलू रोड हाड़ी खुर्द टोल के समीप सीएनजी गैस चालित एक वेगनर कार की सीएनजी गैस टंकी में आग लग गई। जिससे कार जलकर राख हो गई। बरोनी थानाधिकारी बृजेन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि सूचना मिली कि पीपलू रोड हाड़ी खुर्द टोल के आगे एक गाड़ी में आग लग गई है जिस पर थानाधिकारी राठौड मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे। जहां सीएनजी गैस चालित कार की सीएनजी गैस टंकी में आग आग लग रही थी। जिस पर फायर ब्रिगेड वाहन को मौके पर बुलकार आग पर काबू पाया। आग लगने से कार जलकर राख हो गई। उन्होंने बताया कि कार में सवार चालक भूपेंद्र कुमार पुत्र राजेंद्रप्रसाद यादव निवासी नीमराना अलवर व उसका साथी अशोक पुत्र ओमप्रकाश जाट निवासी रघुनाथपुरा झुंझुनू को वायरिंग जलने की बदबू आने पर वह आनन-फानन में कार से उतरकर दूर जाकर खडे हो गए।

## वृक्षमित्र सम्मान से सम्मानित होंगी पिंकी मीना

### एलपीएस विकास संस्थान भोपाला द्वारा किया जाएगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में बिगड़ते पर्यावरणीय हालातों और बड़ते खतरों कों मध्य नज़र रखते हुए एलपीएस विकास संस्थान, भोपाला द्वारा 13 फरवरी को राज्य स्तरीय पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी में पर्यावरण के प्रति जागरूक व्यक्ति, संगठन, विद्यालयों को पद्मश्री राजा लक्ष्मणसिंह, पद्मश्री डॉ माया टंडन, पर्यावरण रत्न ज्ञानेंद्र रावत, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के केसी घुमरिया, पूर्व आईएएस सांवरमल झिरवाल के हाथों सम्मानित किया जाएगा। श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति के सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि संस्थान की पर्यावरण प्रभारी पिंकी मीना ने सघन वृक्षारोपण व पर्यावरण के प्रति आमजन को जागरूक करके पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर रही है। पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर पर्यावरणविद् पद्म विभूषण सुंदरलाल बहुगुणा की स्मृति में वृक्ष मित्र सम्मान से एलपीएस विकास संस्थान द्वारा नवाजा जाएगा। इसके अलावा 26 अन्य पर्यावरण प्रेमियों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान के जाने-माने पर्यावरणविद् व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण शिक्षा केन्द्र सालेटा रोड़ भोपाला पर रखा गया है।

## धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मना भगवान श्री देवनारायण का 1113 वाँ जन्मोत्सव

### ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर में भगवान को ध्वज किये अर्पित, प्रसादी का हुआ वितरण

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** गुर्जर समाज के आराध्य, सुप्रसिद्ध लोक देवता भगवान श्री देवनारायण का 1113 वाँ जन्मोत्सव मंगलवार को श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान के तत्वाधान में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में श्रद्धालूओं ने अपार जोश, उल्लास व उत्साह के साथ संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में भाग लिया। ग्राम अमाई स्थित श्री भोमियां जी मंदिर से श्री देव महाराज की ध्वज पद यात्रा ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर पहुँची। जहाँ भगवान को ध्वज अर्पित किये गये। इस दौरान श्रद्धालूओं ने भगवान श्री देवनारायण के जयकारों के साथ ध्वज अर्पित किये। साथ ही ग्राम खुर्दी, कल्याणपुरा खुर्द, पाथरेड़ी, पूतली व कसाना की ढ़ाणी से भी देव भक्तों के द्वारा लाये गये ध्वज अर्पित किये गये। सभी भक्तों का मार्ल्यापण व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष कसाना समेत समिति सदस्यों ने भगवान देवनारायण से सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। कसाना ने कहा कि भगवान श्री देवनारायण ने समाज में व्याप्त अन्याय, अत्याचार, बुराईयों व कुरीतियों से संघर्ष किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गो व जातियों को साथ लेकर एकजुटता का संदेश दिया। इसी की आज के समय में आवश्यकता है। इस मौके पर प्रसादी का वितरण भी किया गया। आयोजन के दौरान महंत कैलाश दास, नांगल चौधरी विधायक मंजू चौधरी, विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल, करण पटेल, पीसीसी महासचिव देव कसाना, श्री देवनारायण सेवा समिति के अध्यक्ष दयाराम कसाना, भोमियां बाबा भक्त रामजीलाल कसाना, मंदिर समिति अध्यक्ष पन्नालाल कसाना, देव मंदिर भक्त मोहन लाल गुरूजी, एड. दयाराम गुर्जर, सरपंच लीलाराम कसाना, सुरेश दिल्ली पुलिस, प्रधानाचार्य पूरण कसाना व रामौतार गुर्जर, पंसस प्रतिनिधि विक्रम कसाना, एड. कमल कसाना, बिल्लू गुर्जर, कैलाश सुंदरपुरा, रामेश्वर कसाना, हीरालाल सेठ पूतली, योगेश पटेल, अशोक राज पटेल, यातायात सलाहकार सुभाष गुर्जर, मनीष, सोणाराम गुर्जर, लालाराम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

## अलवर में 90 साल की बुजुर्ग को बेटे-पोते ने पीटा:घसीटते हुए घर के बाहर पटका, पैरों में चोट के निशान; 4 दिन से चल रहा इलाज

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** जिला अस्पताल के महिला सर्जिकल वार्ड के बेड 5 पर पिछले तीन दिन से विजय नगर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी 90 साल की बुजुर्ग नथिया दर्द से कराह रही है। जिसके सिर पर चोट है। हाथ पैरों पर घसीटने के निशान हैं। उम्र अधिक होने के कारण हाथ-पांव कंपकंपा रहे हैं और जुबां लड़खड़ाते हुए बोली कि उसका यह हाल सगे बेटे हुकम न पोते विजय ने किया है। सिर्फ इस बात को लेकर की दोनों बेटों (हुकम व पपली) के परिवार में आपस में छोटी-छोटी बात पर झगड़ा होता है तब बेटे हुकम व उसके परिवार अपनी मां को उलाहना देते हैं कि यह झगड़ा कराती है। शनिवार की रात बेटा हुकम व पोता विजय शराब के नशे में आए और बड़ी बहू बिमला के घर में बैठी बुजुर्ग दादी नथिया को घसीटते हुए बाहर पटक दिया। साथ में बड़ी बहू बिमला को भी हुकम व विजय ने पीटा है। जिसकी पसली में चोट लगी है। अब तीन दिन से दोनों को जिला अस्पताल में इलाज जारी है। बुजुर्ग के सिर में चोट है और शरीर पर घसीटने के निशान हैं।

### अब बेटी पांची अस्पताल में संभालने पहुंची

बाप-बेटे ने अपनी ही मां-दादी को इतना पीटा कि शनिवार से अस्पताल में भर्ती है। मारपीट के बाद आरोपी बेटे-पोते उसे संभालने भी नहीं आए। अब तीन दिन से बरखेड़ा से बुजुर्ग की बेटी पांची उसकी देखरेख करने आती है। बीच-बीच में तो बुजुर्ग अकेली रहती है।

बुजुर्ग के दूसरे बेटे व पोते और उसकी बहू भी संभाल रही हैं। जिनका पहले आपस में झगड़ा हुआ है। उसी झगड़े के कारण बुजुर्ग मां को पीट दिया।

### इसी वार्ड में बुजुर्ग की बहू बिमला भी भर्ती

इसी सर्जिकल वार्ड में बुजुर्ग महिला की बड़ी बहू बिमला भी भर्ती है। उसके साथ भी हुकम व विजय ने मारपीट की है। जिसकी पसली में अंदर चोट पहुंची है। दोनों तीन दिन से भर्ती है। बिमला का कहना है कि उसे पता नहीं क्यों मारपीट की है। वे रात करीब 10 बजे घर में बैठे थे। तभी अचानक हुकम व उसका बेटा आया। आते ही पीटने लग गए। उसके बाद छोटे बेटे के पुत्र व बहू ने दोनों घायलों को असपतल में भर्ती कराया है। इस मामले में दोनों पक्षों ने विजय नगर थाना पुलिस को शिकायत दी है। उसके आधार पर पुलिस जांच करने में लगी है।

## रूपयों से भरा पर्स लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय की 108 एम्बुलेंस के स्टॉफ ने रूपयों से भरा पर्स लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकीय चिकित्सालय की 108 एम्बुलेंस को महिला लक्ष्मी की डिलेवरी के लिये जयपुर के जनाना अस्पताल का रैफर मिला। मरीज को जयपुर के जनाना हॉस्पिटल में भर्ती करवाने के बाद एम्बुलेंस वापस कोटपूतली के लिये रवाना हो गई। इसी दौरान करीब 10 किलोमीटर आगे आ जाने पर मरीज के अटेंडर शक्ति सिंह निवासी भैंसलाना द्वारा एम्बुलेंस स्टॉफ को फोन कर पर्स एम्बुलेंस में होने की सूचना दी गई। जिस पर स्टॉफ प्रकाश गुर्जर ने एम्बुलेंस को रोक कर पर्स की तलाश की एवं पर्स मिल जाने पर शक्ति सिंह को सुपुर्द कर दिया। प्रकाश गुर्जर ने बताया कि पर्स में करीब 11 हजार 500 रूपये थे। पर्स मिलने पर शक्ति सिंह ने 108 एम्बुलेंस स्टॉफ को धन्यवाद दिया।

# सरपंच गांव के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का ध्वजवाहक है : सीएम भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**केशोरायपाटन (सुनील मेघवाल)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान सरपंच संघ द्वारा आयोजित पंचायती राज सशक्तिकरण एवं अभिनंदन समारोह में बोलते हुए कहा कि सरपंच ग्रामीण विकास की मुख्य धुरी है, जो गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की हर योजना को पहुंचा सकता है और इसका लाभ दिला सकता है। उन्होंने आगे कहा कि पिछला पंचायत राज का चुनाव कई चरणों में होने के कारण हमने राज्य में वन स्टेट, वन इलेक्शन लागू करने का फैसला लिया। इसमें एक साथ पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव नहीं हो सकते थे, इस कारण हमने लोकतंत्र की मूल भावना को समझते हुए वर्तमान सरपंचों को प्रशासक नियुक्त करने का फैसला लिया। अब आप लोगों की जिम्मेदारी है कि आपको जो समय मिला है, उसमें आप ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं और उनका लाभ दिलवाएं। इस अवसर पर शिक्षा और पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना स्वच्छ भारत है, इसे ध्यान में रखते हुए हमने गांवों में सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पहली बार राज्य में सफाई की बीएसआर (बीड़ी सर्विस रेट) बनाई है। अब आप लोगों का दायित्व है कि गांव में सफाई की व्यवस्था सुधारें। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और खाद्य सुरक्षा का पोर्टल है, उसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाया जाए। इस अवसर पर केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री जी खुद सरपंच रह चुके थे और उन्होंने जनभावनाओं को समझते हुए जो प्रशासक नियुक्त करने का फैसला लिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। कार्यक्रम में बगरू विधायक कैलाश वर्मा, राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल, मुख्य संरक्षक कृष्ण मुरारी दिलावर, कार्यकारी अध्यक्ष नेमीचंद मीना, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन सिंह गौड़, प्रवक्ता रफीक पठान, जिलाध्यक्ष आनंदीलाल मीणा, बूंदी के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, और सभी सरपंच उपस्थित रहे। सरपंच संघ प्रतिनिधि सुनील मीणा ने समस्त सरपंचों की तरफ से राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पंचायती राज और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, और राजस्थान सरपंच संघ कमिटी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गांव के हर वर्ग के व्यक्ति तक सरकार की जनहितकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम हम पूरी लगन और मेहनत से करेंगे और लोगों को लाभ दिलवाएंगे।



## श्रीराम जानकी मंदिर के 33 वें वार्षिकोत्सव पर 7 दिवसीय भागवत कथा शुरू

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्रीराम जानकी मंदिर का 33 वां वार्षिकोत्सव मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में 7 दिवसीय भागवत कथा का शुभारम्भ भी हुआ।

मंदिर समिति के पूर्व मीडिया प्रभारी परमानन्द महावर ने बताया कि केशवपुरा सेक्टर 4 स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के 33 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में 7 दिवसीय भागवत कथा आज से शुरू हुई।? यह 10 फरवरी तक रोज दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक होगी। इसमें बीनागंज, मध्यप्रदेश के पंडित राजेन्द्र पारीक भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं। मंदिर समिति के महामंत्री उम्मेदसिंह मोसलपुर ने बताया कि मंदिर परिसर से बैंड बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। पार्षद लक्ष्मी मेहरा व नंद कंवर हाड़ा ने महिलाओं को कलश धारण करवाए। इस दौरान बग्घी की सवारी भी निकाली गई। इसका रास्ते में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा नगर परिक्रमा करके पुन: मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई।

इस कलश यात्रा में मंदिर समिति के संरक्षक बृजमोहन सेन, उप महामंत्री कृष्ण अवतार राठौर, संगठन मंत्री महावीर नागर, पूर्व अध्यक्ष सतीश राठौर, बनवारी लाल नागर, लालचंद गोचर, राम गोपाल गोचर, कोषाध्यक्ष गोविंद नारायण मिश्रा, रामबाबू गुप्ता, पीसी अग्रवाल, लालचंद गोचर, पूर्व पार्षद कमलेश पारेता, बालचंद पारेता, मुकेश कुमार सैन एडवोकेट, अमित सेन, मोहनलाल शर्मा, परमेश्वर भार्गव, कपूरी बाई महावर, प्रिया सुमन, कमलेश अग्रवाल, विष्णु सुमन, जगदीश सिंह हाड़ा, कैलाश यादव,राधेश्याम राठौर आदि मौजूद रहे।

# कोटा में धाकड़ समाज का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 8 फरवरी से सीएम व लोकसभा अध्यक्ष अतिथि होंगे, देशभर से आएंगे प्रतिनिधि

### समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिए जाएंगे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** श्री धाकड़ समाज का 32 वां राष्ट्रीय अधिवेशन 8 व 9 फरवरी को कोटा के दशहरा मैदान पर आयोजित होगा। इस सम्बन्ध में मंगलवार को रंगबाड़ी धरणीधर गार्डन में अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम संयोजक, महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि अधिवेशन में देश भर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी और जिलों की कार्यकारिणी के सदस्य, जनप्रतिनिधि व समाज के प्रबुद्ध जन भाग लेंगे। इस राष्ट्रीय अधिवेशन की 8 फरवरी को धरणीधर गार्डन में ध्वजारोहण के साथ शुरुआत होगी। इसमें राष्ट्रीय कार्य समिति से लेकर जिला स्तरीय समिति अपनी बात रखेगी। इस दौरान धाकड़ समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक उत्थान विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी।

**अंतिम दिन होगा खुला अधिवेशन :** राष्ट्रीय अधिवेशन के अगले व अंतिम दिन 9 फरवरी को दशहरा मैदान पर खुला अधिवेशन होगा। इसमें राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित राजस्थान सरकार के कई मंत्री व विधायक शामिल होंगे। ऊर्जा मंत्री नागर ने बताया कि खुले अधिवेशन में देशभर से 40 हजार के करीब समाजबंधुओं के शामिल होने की उम्मीद है। हाड़ोती संभाग के प्रत्येक गांव से इस अधिवेशन में भागीदारी होगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं की टोलिया गांव-गांव जाकर समाज बंधुओं से मिलकर उन्हें अधिवेशन में आने के लिए आमंत्रित कर रही हैं।

**इन्हें किया गया है आमंत्रित :** ऊर्जा मंत्री नागर ने बताया कि अधिवेशन की अध्यक्षता धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोड़मल नागर करेंगे। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र मध्य प्रदेश के राज्य मंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शिवाजी पटेल, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप पटेल, इंजीनियर कन्हैया लाल धाकड़ ,उमा नारायण पटेल, बेगूं विधायक सुरेश धाकड़, देपालपुर मध्य प्रदेश से विधायक मनोज पटेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, धाकड़ महासभा तुलसीराम धाकड़, राष्ट्रीय महामंत्री किराड़ क्षत्रिय महासभा रामकुमार मेहता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय किराड़ क्षत्रिय महासभा राधेश्याम धाकड़, हेमराज नागर नैनवां, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष, प्रेम नारायण पटेल, प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश, योगेंद्र नाथ धाकड़ प्रदेश अध्यक्ष यूपी भी मौजूद रहेंगे।

## आबकारी नीति के विरोध में दो घंटे शराब की दुकानें बंद कर किया प्रदर्शन, मांगों के सम्बन्ध में सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** प्रदेशव्यापी आह्वान पर कोटा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की सभी 240 दुकानें दो घंटे तक बंद रखी गईं। इससे शराब ठेकेदारों ने आबकारी नीतियों का विरोध किया। कोटा वाइन कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के शराब के ठेकेदारों ने सभी 240 शराब की दुकानें दो घंटे बंद रखीं। इस तरह से आबकारी नीतियों का विरोध किया। इनका कहना था कि हम सभी ठेकेदार सरकार और आबकारी विभाग के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा बनाई गई नीतियों के खिलाफ हैं। इस मामले में ठेकेदार कई बार जिला आबकारी अधिकारी से लेकर जयपुर तक के अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं। इनमें हमारी मांगों को रखा गया है। आबकारी विभाग की क्लस्टर नीतियां गलत हैं। विभाग से दुकानों के खुलने का समय बढ़ाए जाने की मांग भी की गई है। इसके अलावा 10त्न के मार्जिन को बढ़ाने के लिए भी कहा गया। ठेकेदारों का कहना है कि लेकिन विभाग के द्वारा हमारी ये मांगें नहीं मानी जा रही हैं। इसके अलावा ठेकेदारों की मांग यह भी है कि शराब ठेकों से पुलिस का हस्तक्षेप समाप्त होना चाहिए। इन्होंने चेतावनी दी है- अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो हम इस आंदोलन को उग्र रूप से करेंगे।

कोटा वाइन कांट्रेक्टर एसोसिएशन के सम्भागीय अध्यक्ष विनोद पारेता ने बताया कि इनकी मांगों में पुरानी सभी प्रकार की पेनल्टी समाप्त किए जाने, शराब की दुकानें खोलने का समय रात्रि 11 बजे तक किए जाने, गांरटी पूर्ति करने वाले ठेकेदारों की जब्त धरोहर राशियां तुरंत प्रभाव से लौटाने, मंहगाई के अनुसार शराब ठेकेदारों का कमीशन कम से कम 20 प्रतिशत और बढ़ाने जैसी मांगें शामिल हैं।

## पार्क का टॉयलेट खुलवाने के लिए अदालत में याचिका दायर, कलेक्टर निगम आयुक्त सहित 5 को नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के गुमानपुरा स्थित नई धानमंडी के पास नगर निगम की ओर से बनाए गए अशोक पार्क में बंद पड़े टॉयलेट का मामला कोर्ट पहुंच गया है। इस सम्बन्ध में एडवोकेट शशि भूषण गुप्ता ने स्थायी लोक अदालत में याचिका दायर की है। इसमें कलेक्टर, सीएमएचओ, आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण, कोटा दक्षिण के वार्ड 15 के पार्षद और अशोक पार्क के चौकीदार को पार्टी बनाया गया है।? इनसे कोर्ट ने जवाब-तलब किया है। मामले में अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी। एडवोकेट शशि भूषण गुप्ता ने बताया कि नगर निगम की ओर से नई धान मंडी पांड्या ग्रुप मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के पास अशोक पार्क का निर्माण किया गया था। इस पार्क में दो टॉयलेट बनाए गए थे। वर्तमान में दोनों टॉयलेट पर ताला लगा रहता है। इस प्रकार टॉयलेट होने के बावजूद भी पार्क में आने वाले आमजन सुविधाओं का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण पार्क में आने वाले लोगों परेशानी होती है। इस पार्क में खास तौर पर बुजुर्ग व महिलाएं मॉर्निंग वॉक करने के लिए आते हैं। टॉयलेट बंद रहने से उन्हें काफी परेशानी होती है। इस मामले में वर्ष 2024 में तीन बार सम्पर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई गई थी, लेकिन उन शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा स्थानीय वार्ड पार्षद ने भी समस्या पर ध्यान नहीं दिया। जनहित से जुड़ा मामला होने के कारण दोनों टॉयलेट को नियमित रूप से खुलवाने, वहां पानी और साफ-सफाई किए जाने की मांग की गई है। इस पर कोर्ट ने जिम्मेदारों से जवाब-तलब किया है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकाला



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (नि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकाला गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी कार्यकर्ता गणेश पहन तथा डंड हाथ में लेकर शंकरपुर स्थित सुखाड़िया पार्क पर पहुंचे। वहां से पथ संचलन शुरू हुआ जो रामधन चौराहा बॉटम, चुंगी नाका,गांधीपुरा होता हुआ कस्बे के मुख्य बाजार से हो कर गणेशपुर स्थित आदर्श विद्या मंदिर के प्रांगण में पहुंचा।इस दौरान पथ संचलन का कई जगह पर पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया गया।पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गणेशपुर आदर्श विद्या मंदिर में बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन गोयनका ने की,कार्यक्रम का संचालन जिला संघ चालक मास्टर प्रभु लाल सैनी ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता बूंदी जिला प्रचारक गुमान सिंह रहे। जिन्होंने महाराणा प्रताप गुरु नानक देव आदि महापुरुषों के द्वारा देश हित में किए गए बलिदानों के बारे में बताया।

# सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने पर जयपुर पहुंच मुख्यमंत्री का किया अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान



**केशोरायपाटन (सुनील मेघवाल)।** राज्य की भजनलाल सरकार द्वारा प्रदेश की ग्राम पंचायतों में सरपंचों को प्रशासक नियुक्त कर कार्यकाल बढ़ाने के निर्णय पर क्षेत्र के सरपंचों ने मंगलवार को जयपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनंदन किया और आभार जताया। केशोरायपाटन पंचायत समिति के सरपंच संघ अध्यक्ष व लबान सरपंच बुद्धि प्रकाश मीणा की अगुवाई में क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक पंचायतों के सरपंचों ने जयपुर में मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान सरपंचों ने इस निर्णय को ग्रामीण विकास में निरंतर प्रयासरत सरपंचों की योजनाओं को पूरा करने में सहायक बताया। इस अवसर पर क्षेत्र के सरपंच सुनील मीणा, कृष्ण मुरारी मीणा, प्रदीप मीणा, कालूलाल गौतम, विमला मीणा, रमेशचंद पालीवाल, जगनाथी बाई, बदरीलाल मीणा आदि सरपंच भी मौजूद रहे।

**क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया :** सरपंच संघ अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश मीणा ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया, जिनमें ग्रामीण सड़कों की मरम्मत, विभिन्न राजकीय विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों के जर्जर भवनों के लिए बजट आवंटन, और अन्य कई मुद्दों का समाधान करने की मांग की।

## निशुल्क मोतियाबिंद जांच नेत्र शिविर का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** शिविर की आयोजक पूजा शुभम धौलपुरे ने बताया रावतभाटा वाल्मीकि समाज के बाबूलाल चनाल की पुण्यतिथि के मौके पर पहली बार रावतभाटा के आरपीएस में स्थित वार्ड नंबर 12 इंदिरा कॉलोनी में निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 85 मरीजों की निशुल्क जांच की गई जिसमें से 20 मरीज का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया मरीजों का ऑपरेशन लाभमुनि चिकित्सालय मंदसौर द्वारा किया जाएगा । शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जी जे परमार एवं विशिष्ट अतिथि पंजाबी समाज अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी सचिव जगदीश छाबड़ा और पूर्व पार्षद बाबूलाल जैन ने किया । इस मौके पर दिलीप चनाल सोनू कपिल रवि सागर संजय मीना देवी अशोक कुमार आदि लोग मौजूद थे ।

## टैक्स बार एसोसिएशन कोटा का केंद्रीय बजट-2025 पर सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** टैक्स बार एसोसिएशन कोटा की ओर से मंगलवार को सेवन वंडर रोड स्थित एक निजी होटल में केंद्रीय बजट 2025 पर सेमिनार आयोजित की गई। इस सेमिनार में स्पीकर के रूप में जयपुर से पधारे सीए अनूप भाटिया एवं सीए जतिन हरजाई ने भाग लिया।

टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए ऋषभ मित्तल एवं सचिव सीए हितेश दयानी ने बताया कि इस साल केंद्रीय बजट 2025 में इनकम टैक्स एवं जीएसटी कानून में कई नए प्रावधान एवं बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं, जिस पर जयपुर से पधारे स्पीकर ने प्रकाश डाला।

इस सन्दर्भ में सीए अनूप भाटिया ने बताया कि सरकार द्वारा इनकम टैक्स की नई कर प्रणाली में 12 लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं देने का प्रावधान किया है किंतु इस लिमिट में कोई भी स्पेशल रेट इनकम जैसे की शेयर मार्केट से प्राप्त आय, प्रॉपर्टी बेचान से होने वाली आय आदि शामिल नहीं होगी। उन्होंने बताया कि अब 50,000 रुपये प्रति महीने से ऊपर प्रॉपर्टी किराया होने पर टीडीएस के प्रावधान लागू होंगे जो कि पहले सालाना 2,40,000 रुपये के ऊपर होने पर लागू होते थे। इसी कड़ी में जीएसटी में सीए जतिन हरजाई ने बताया कि सरकार द्वारा माल के आवागमन के लिए नए प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं जिसके तहत माल को आसानी से ट्रैक एवं ट्रेस किया जा सकेगा। उन्होंने जीएसटी अपील के तहत जमा होने वाली प्री-डिपॉजिट के नियमों में प्रस्तावित बदलावों पर प्रकाश डाला।

सेमिनार में इनकम टैक्स चेयरमैन सीए अर्पित जैन, एसजीएसटी चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार विजय, सीजीएसटी चेयरमैन सीए पुलकित बज़ारी, कोषाध्यक्ष सीए गोविन्द डूडी, एडवोकेट गोपाल जैन, सीए एम डी सोनी, सीए मिलिंद विजयवर्गीय, एडवोकेट ओम बड़ोदिया, सीए रामावतार अग्रवाल, सीए नीरज जैन, सीए सिद्धार्थ मित्तल, सीए देवेंद्र कटारिया व सीए प्रियंक काबरा सहित 150 से अधिक शहर के सीए, टैक्स एडवोकेट एवं कर सलाहकार उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक ने बंधाया ढांढस, मृतक दंपती के घर पहुंचे



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन (सुनील मेघवाल)।** क्षेत्र में रविवार को हुए सड़क हादसे में मृतक दंपती के घर पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने इस दुख की घड़ी में खुद को परिजनों के साथ बताते हुए उनकी हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान उनके साथ जिला रसद कमेटी के सदस्य व पूर्व सरपंच संदीप जैन व अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि रविवार को मेगा हाईवे पर पापड़ी ओ आर बी के पास कार की टक्कर से बाइक सवार घाट का बराना निवासी महावीर केवट और उसकी पत्नी साम्या केवट की मौत हो गई थी।

## रावतभाटा देव धाम श्री देवनारायण मंदिर में भगवान देवनारायण जी का जन्मोत्सव मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा देव धाम श्री देवनारायण मंदिर मेहंदी का छापर बहेलिया में भगवान देवनारायण जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उज्जैन से पधारे आचार्य प्रदुमन जी भार्गव और उनके साथ आए 20 विद्वान पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण किया गया, जिसके बाद हेमाद्रि स्नान कराया गया। गौ रक्षा कमांडो फोर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रहलाद जाट ने बताया कि भगवान देवनारायण जी के जन्मोत्सव के दौरान कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर भगवान देवनारायण जी की महा आरती की गई और खीर का भोग अर्पित किया गया। विभिन्न स्थानों से पधारे भक्तों के लिए प्रार्थना की गई कि वे स्वस्थ और दीर्घायु हों।

# विकास कार्यों को बीडीए गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा करे : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में किये जा रहे विकास कार्यों का अधिकारियों के साथ मंगलवार को मौका निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने संजय नगर स्थित डिग्गी से निरीक्षण की शुरूआत करते हुए सम्पूर्ण शहर में ड्रेनेज के लिए किये जा रहे डिग्गी के गहराईकरण एवं सड़को के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संजय नगर डिग्गी के विकास कार्य को गति देते हुए समय पर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिये ताकि वर्षा के समय जल भराव की समस्या नही रहे। उन्होंने एसपी कुण्डा से रामनगर को जाने वाले नाले का निरीक्षण कर दो मोरा तक निर्माण कराने के निर्देश दिऐ ताकि स्थानीय आबादी क्षेत्र में जल निकासी की समस्या का स्थाई समाधान हो सके। उन्होंने एमएसजे कॉलेज मैदान में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर पाथ-वे निर्माण की चैडाइ बढाने एवं कर्व स्टोन की उंचाई कम करने के निर्देश दिये। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में अम्बेडकर सामुदायिक भवन के सामने जल भराव का निरीक्षण कर सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग को आवंटिक भूमि की चारदिवारी बनवाने, जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान कर पानी की निकासी के लिए इंतजाम करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कच्चा कुण्डा के विकास कार्यों का निरीक्षण कर कुण्ड का गहराईकरण एवं निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने एमपीजेड के विकास कार्यों का निरीक्षण कर समय पर कार्य कराने के लिए मॉनिटरिंग बढाने को कहा। उन्होंने सेक्टर 13 में चल रहे विकास कार्यों का मौका निरीक्षण कर सड़क निर्माण कार्य को सरसों अनसंधान तक पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों की टीम के साथ लोहागढ़ स्टेडियम में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की तथा खेलों के विकास के लिए चल रहे कार्यों के साथ जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए ड्रेनेज सिस्टम को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने लोहागढ़ डिपो एवं बस स्टेण्ड का निरीक्षण कर बीडीए द्वारा विकास के लिए तैयार की गई कार्य योजना के बारें में चर्चा कर मौका निरीक्षण किया।







इस दौरान भरतपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता योगेन्द्र वर्मा, अधिशाषी अभियंता डीपी शर्मा, सहायक अभियंता मनोज पाराशर सहित अभियंता गण उपस्थित रहे।



## एनीमिया मुक्त राजस्थान की कार्यशाला आयोजित

# 5 माह से 59 माह के बच्चों को दी जायेगी सीरप 5 से 19 वर्ष के बच्चों को गोली

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** 05 माह से 59 माह के बच्चों को दी जाएगी आईएफए सीरप तथा 5 से 9 वर्ष वाले बच्चों को एवं 10 से 19 के किशोर किशोरियों को दी जाएगी टेबलेट पिक और ब्लू अनुपूरक दिये जायेंगे। स्वास्थ्य भवन सभागार में एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम की संभाग स्तरीय कार्यशाला कम रिव्यू मीटिंग आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संयुक्त निदेशक एवं मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गौरव कपूर द्वारा की गई जिसमें उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में कोई भी बच्चा व किशोर -किशोरिया तथा गर्भवती माताएं खून की कमी से बीमारी ग्रस्त ना हो इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आईसीडीएस विभाग एवं शिक्षा विभाग के साथ संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम को सफल एवं क्रियान्वन कर रहे है। प्रशिक्षण राज्य स्तर से एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम की टेक्निकल ऑफीसर अंजना गौड एविडेंस एक्शन द्वारा दिया गया जिसमें लौह तत्व युक्त आहार की, प्रचार प्रसार ,जागरूकता एवं मंगलवार को आयोजित शक्ति दिवस कार्यक्रम मे आईएफए अनुपूरकों की उपलब्धता के बारे में विस्तार से बताया। तथा माह दिसंबर 24 तक की प्रगति का जिले अनुसार मूल्यांकन किया गया किया गया। साथ ही जिला स्तर पर और खंड स्तर पर प्रतिमाह इसकी प्रगति की समीक्षा की जाए।

सांख्यिकी अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा मंगलवार को आयोजित शक्ति दिवस कार्यक्रम की रिपोर्ट की जानकारी दी जिसमें रिपोर्ट के अनुसार ही पीसीटीएस में इंद्राज किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए तथा एनीमिया ग्रसित बच्चों की लाइन लिस्ट बनाने के बारे में भी बताया जिसका रिकॉर्ड समस्त चिकित्सा संस्थानों पर रखा जाए तथा । उन्होंने बताया कि जो बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र पर पंजीकृत है उनको केदो पर तथा जो विद्यालयों में पंजीकृत है उन्हें विद्यालयों में एनीमिया दवाइयां खिलाई जाए तथा विद्यालय शाला दर्पण पोर्टल पर रिपोर्ट इंद्राज करें । जिला औषधि भंडार प्रभारी डॉ मनीष चौधरी द्वारा भी सभी चिकित्सा संस्थानों को निर्धारित समय पर दवाई हेतु इंडेंट किया जाना सुनिश्चित करे व सभी संस्थाओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रो पर और स्कूलों में पीईईओ के माध्यम से दवाई वितरण भी किया जाए । अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ बीएल मीना द्वारा बताया गया कि संभाग स्तर के प्रशिक्षण के बाद जिला स्तर पर चिकित्सा शिक्षा और आईसीडीएस विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे तथा कार्यक्रम को सफल बनाया। जाएगा। प्रशिक्षण में दिल्ली से कार्यक्रम की नेशनल प्रोग्राम एसोसिएट मैनेजर दीक्षा एविडेंस एक्शन, अनिमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के संभागीय समन्वयक अश्वनी कुमार एविडेंस एक्शन एवं जिला भरतपुर ,करौली ,धौलपुर,व सवाई माधोपुर एव डीग जिलो के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी(पक) ,जिला औषधि भंडार प्रभारी ,जिला आशा समन्वयक तथा सांख्यिकी अधिकारी, एएसओ संगणक तथा कार्यालय के एसओ जगदीश शर्मा सहायक सांख्यिकी अधिकारी हरविंद्र डागुर , सांख्यिकी सहायक निर्भय गोयल और डीईओ मोहित शर्मा एव बंटी उपस्थित थे।

# उबड़-खाबड़ बदहाल रास्ते से जाने को मजबूर 2 हजार ग्रामीण, कई बार गुहार के बावजूद आंखे मूंदे बैठे जिम्मेदार, वृद्धाश्रम के लोग भी परेशान

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** एक तरफ तो राज्य सरकार जनता को सुरक्षित यातयात के लिए सुविधा युक्त सड़कें बनवाने का दावा कर रही है, दूसरी और धरातल पर स्थित बिल्कुल उलट है। ऐसा ही एक मामला बयाना से सटे मुर्की गांव जाने वाले का देखने को मिला। मुर्की जाने वाला रास्ता पूरी तरह से बदहाल है। इससे करीब 2000 की जनसंख्या वाले गांव के ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग सरकार और प्रशासन को कोसते दिख रहे हैं। गंभीर बात ये है कि मुर्की गांव में ही सामाजिक संस्था मित्र भारत समाज संस्थान की ओर से श्रीकृष्ण वृद्धाश्रम संचालित है। वृद्धाश्रम के सचिव हेमचंद जैन ने बताया कि आश्रम में रह रहे लोगों की देखभाल के लिए वृद्धाश्रम पर रोजाना बड़ी संख्या में समाजसेवी लोग आते हैं। जिन्हें कीचड़ से भरे रास्ते से गुजरने की पीड़ा भुगतनी पड़ती है। स्थानीय निवासी राकेश गुर्जर ने बताया कि रास्ते को दुरुस्त करने के लिए कई बार ग्राम पंचायत, उपखंड प्रशासन और राज्य सरकार तक गुहार लगाई, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला। लोगों को बदहाल रास्ते से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में तो हालात बदतर हो जाते हैं।



अगर जल्द ही सुनवाई नहीं हुई तो परेशान ग्रामीणों को उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस संबंध में तहसीलदार अंकुर जैन ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जल्द मौका दिखवाकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस पर छात्राओं का डांस विवाद मामला विडियो बनाने से रोकने पर चाकू से किया था वार नाबालिग डिटेन, आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे के गांव कारवारी में एक निजी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान हुई हिंसक घटना में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में एक नाबालिग को भी डिटेन किया गया है, जिसे किशोर न्यायालय में पेश किया गया। बयाना के डिप्टी एसपी कृष्ण राज जांगिड़ के अनुसार, गांव कारबारी स्थित एक निजी विद्यालय में 26 जनवरी को आयोजित समारोह में छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम की वीडियो बनाने को लेकर दो छात्र समूहों में विवाद हो गया। इस विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के 10वीं कक्षा के छात्र पर चाकुओं से हमला कर दिया। सदर थाना एसएचओ कृष्णवीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव रसेरी के 19 वर्षीय मनीष प्रजापत को गिरफ्तार किया। हमले में घायल छात्र की पसलियों और जांघ पर गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है।

## महाकुंभ जाने के लिए निकला युवक लापता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर के एयरपोर्ट थाना थाना इलाके से महाकुंभ जाने के लिए निकले युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। लापता युवक परिजनों को बोलकर निकला था कि तीन दिन में घर वापस आ जाएगा। सम्पर्क करने पर मोबाइल नंबर स्विच ऑफ मिला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है। थानाधिकारी संदीप बसेरा ने बताया कि सिद्धार्थ नगर-ए एयरपोर्ट निवासी रामफूल मीना ने गुमशुदगी दर्ज करवाई है। उनका 21 साल का बेटा आशीष मीणा है। 30 जनवरी को महाकुंभ जाने की कहकर निकला था। महाकुंभ जाने के दौरान दो-तीन दिन में वापस घर आने की परिजनों को बोलकर गया था। घर से निकले के दो दिन बाद से ही उसका मोबाइल बंद हो गया। सम्पर्क करने के काफी प्रयास के बाद भी मोबाइल स्विच ऑफ मिला।

# देवनारायण भगवान की 1113वीं जयंती पर, सजी फूल बंगला झांकी, पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** गुर्जर समाज की ओर से मंगलवार को कस्बे के भगवती कॉलोनी स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में भगवान विष्णु के अवतार समाज के आराध्य भगवान देवनारायण की 1113वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष बलराम कांवर ने बताया कि कार्यक्रम में फूल बंगला झांकी सजाई गई। समाज के लोगों ने भगवान देवनारायण की प्रतिमा पर जलाभिषेक और पुष्प माल्यार्पण किया। सामूहिक आरती के बाद प्रसाद वितरण भी हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान देवनारायण के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। लोगों ने भगवान देवनारायण के जमकर जयकारे लगाए। इस अवसर पर सियाराम मास्टर, भगवान सिंह पटेल, प्रोफेसर भगवान सिंह, लालपत सिंह ठेकेदार, भगवानदास कांवर, नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यप्रकाश छाबड़ी, वकील पहलवान, मनमोहन सिंह, राजीव कसाना, हरेंद्र सिंह एवं अन्य युवा साथी मौजूद रहे।



# बदमाशों के हौसलें बुलंदी पर: दिनदहाड़े कांस्टेबल पर हमला कर लूट का प्रयास

## बाइक पर सवार होकर आए थे दो बदमाश, लात मारने से कांस्टेबल बाइक के साथ गिरा सड़क पर


बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी में बदमाशों के हौसलें बुलंदी पर है। जहां अशोक नगर थाना इलाके में बदमाशों ने दिनदहाड़े एक पुलिस कांस्टेबल को लूटने का प्रयास किया। लेकिन कांस्टेबल ने साहस दिखाया और बदमाशों को वहां से भागना पड़ा। बदमाशों के हमले में कांस्टेबल चोटिल हो गया। पुलिस के अनुसार सोमवार को बाइक पर चल रहे कांस्टेबल पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया। इस हमले में कांस्टेबल के सिर और शरीर पर चोट लगी हैं। बाइक पर चल रहे पुलिसकर्मी को नीचे गिराने के बाद आरोपियों ने उसका बैग लूटने का पूरा प्रयास किया। कांस्टेबल ने बैग नहीं छोड़ा। जिस पर बदमाशों ने उससे मारपीट शुरू की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई घनश्याम ने बताया कि कांस्टेबल राजूराम (33) ने शिकायत दी कि वह एसीपी अशोक नगर के कार्यालय में पदस्थापित हैं। 3 फरवरी को वह दोपहर सवा 2 बजे से 2.50 के बीच पृथ्वीराज रोड तिलक मार्ग कट सी स्कीम से निकल रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो बदमाश उसकी चलती बाइक के पास आए। पीछे बैठे एक युवक ने बाइक को पीछे से लात मारी। इससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया। कांस्टेबल चलती बाइक के साथ सड़क पर गिर गया।इसी दौरान मौके पर कुछ लोग आए और उसका बैग छीनने लगे। बैग नहीं देने पर बाइक सवार और अन्य कुछ युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। ये बदमाश पीड़ित कांस्टेबल का बैग लूटना चाहते थे। बैग नहीं मिलने पर बाइक सवार युवकों ने उस पर हमला कर दिया।

# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र से मोक्ष प्राप्ति : शास्त्री

बढ़ता राजस्थान

**कामां/डीग/ भरतपुर (रेखचंद भारद्वाज)।** 84 योनियों के बाद मानव जीवन प्राप्त होता है मानव जीवन में ही व्यक्ति आत्मा का उद्धार कर सकता है श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र से ही आत्मा परमात्मा में विलीन हो जाती है यह कहना है श्रीमद् भागवत आचार्य पंडित रामजीलाल शास्त्री का शास्त्री जी कामवन मैं तीर्थराज विमल कुंड स्थित श्री जगन्नाथ जी मंदिर के पीछे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह यज्ञ प्रारंभ के अवसर पर भक्त जनों को श्रीमद् भागवत कथा का महात्म पर अपने विचार प्रकट कर रहे थे श्री रामजीलाल शास्त्री ने कहा कि धन्य है वह आत्माएं जिन्हें श्री कृष्ण की कीड़ा स्थल में मानव जीवन मिला प्रत्येक मानव को दूसरे जीव को अच्छे लगने वाले कार्य करने चाहिए! यतेन्द्र गुलपाडिया ने बताया कि कथा प्रारंभ से पूर्व विभिन्न झांकियो वाद्ययंत्रों के साथ कलश यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए कथा स्थल पर पहुंची।



## जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 9 व 11 प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर उपखंड में स्थापित पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय छौंकरवाडा,मैं कक्षा 09 एवं कक्षा 11 की पार्श्व परीक्षा दिनांक 08 .02 .2025 को सम्पन्न की होगी। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश हेतु कक्षा 11 के लिए 133 रजिस्ट्रेशन एवं कक्षा 09 के लिए 671 छात्र रजिस्ट्रेशन हुए है कक्षा 09 का परीक्षा केन्द्र जवाहर नवोदय विद्यालय छौंकरवाडा, जिला-भरतपुर में रहेंगा एवं कक्षा 11 की परीक्षा का परीक्षा केन्द्र महात्मा गाँधी उ. मा. विद्यालय छौकरवाडा कला रहेगा। परीक्षा का समय सुबह 10 .30 बजे से अपरान्ह 1 .30 बजे तक रहेगा।

# स्वामी जी के 78 वें बलिदान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर कस्बे के अमर शहीद रमेश स्वामी पार्क में 5 फरवरी को स्वामी जी के 78 वें बलिदान दिवस पर प्रभात फेरी यज्ञ एवं श्रद्धांजलि सभा के साथ अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। भुसावर भरतपुर जिले का ऐतिहासिक कस्बा है। जो स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व से ही त्याग और बलिदान एवं राजनीतिक उदय की मातृभूमि के लिए जाना जाता हैं।

इसका मुख्य कारण है कि यहां की धरती पर कई ऐसे सपूत पैदा हुए जिन्होंने भुसावर का नाम अपने देश व इतिहास में रोशन किया। वहीं त्याग और बलिदान के लिए कस्बे की भूमि पर यहां के विप्र कुल में 1904 में जन्मे अमर शहीद रमेश स्वामी जी ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ते हुए 5 फरवरी 1947 को ब्रिटिश हुकूमत के आगे सर झुकाने से मना कर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। जिसके लिए इनका नाम पूरे देश में सम्मान के साथ लिया जाता है। ज्ञात है कि भुसावर कस्बे में सन् 1904 में जन्मे अमर शहीद रमेश स्वामी ने अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेते हुए बेगार प्रथा का विरोध किया। वर्तमान वैर विधानसभा मुख्यालय पर 5 फरवरी 1947 को बेगार प्रथा के विरुद्ध क्षेत्र के लोगों की एक जनसभा थी जिसमें स्वामी जी बस द्वारा जाना चाह रहे थे । स्वामी के साथ अन्य लोग भी बैठक में हिस्सा लेने जाना चाह रहे थे। तत्कालीन थानेदार द्वारा स्वामी जी को बस से यात्रा नहीं करने देने पर वह बस के आगे यह कहते हुए लेट गए की यह बस जब भी जाएगी जब उनको लेकर जाएगी अन्यथा यह वर्ष नहीं जाएगी इस पर अंग्रेजी हुकूमत के निमाइन्दे तारा अधिकारी द्वारा बस को चलने का आदेश प्रदान किया स्वामी जी अपने स्थान से नहीं हटे बस उनको कुचलते हुए निकल गई। स्वामी जी की याद में भुसावर कस्बावासियों द्वारा अमर शहीद रमेश स्वामी पार्क पर 5 फरवरी को पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। स्वामी जी के बलिदान के कारण ही आज भुसावर कस्बे को पूरे देश में त्याग और बलिदान की धरती के रूप में जाना जाता है।

**स्वामी जी का जीवन परिचय :** अमर शहीद रमेश स्वामी जी का मूल नाम कुंदन लाल शर्मा था उनके पिता का नाम जुगल किशोर शर्मा माता गुलाब कौर थी स्वामी जी ने प्रारंभ से ही आर्य समाज के कार्यक्रमों में जाना प्रारंभ कर दिया जब वह विद्यार्थी थे। वैदिक धर्म में रुचि होने के कारण वैदिक धर्म का विशेष ज्ञान प्राप्त करने के लिए भारत भ्रमण पर निकल गए इसी दौरान उन्होंने प्रसिद्ध विद्वान पंडित विश्व बंधु शास्त्री से प्रभावित होकर वैदिक साहित्य का अध्ययन प्रारंभ किया! पं.विश्व बंधु शास्त्री जी ने ही रमेश स्वामी जी को वैदिक धर्म और हिंदी का प्रचार करने के लिए सिंगापुर.जर्मन, रंगून, जापान सहित अनेक देश की यात्राओं पर भेजा। स्वामी जी को राजकीय शिक्षा विभाग में अध्यापक पद पर नियुक्त किया गया! लेकिन उन्होंने इस पद से इस्तीफा देकर अंग्रेजी हुकूमत की बेकार प्रथा का विरोध किया। स्वामी जी ने विदेश यात्रा से लौटकर पहले प्रज्ञा मंडल की सदस्यता ग्रहण की उसके बाद अपने मित्रों के साथ मिलकर उसका प्रचार किया ! सन-1939 में सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेने के कारण स्वामी जी को डेड वर्ष की सजा सुनाई गई । लेकिन 6 माह में ही उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया उसके बाद 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में भरतपुर रियासत की तरफ से उन्हें भारत रक्षा कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। कुवंर हीरा सिंह के प्रयास से उन्हें फिर जेल से मुक्ति मिल गई। उसके बाद स्वामी जी कई बार जेल यात्रा पर गए। 1947 में बेकार विरोधी आंदोलन आरंभ किया गया 5 फरवरी को क्रांतिकारियों द्वारा बेकार दिवस मनाया गया इसी दौरान जब रमेश स्वामी जी बस स्टैंड पर पहुंचे वैर जाने वाली बस में बैठे तो अंग्रेजी शासन ने उन्हें बस में बैठने से मना कर दिया स्वामी जी इस बात पर अड गए कि यह बस जाएगी तो उसमें बैठकर जाएंगे स्वामी जी भारत माता की जय के नारे लगाते हुए बस के आगे लेट गए परंतु अंग्रेजी प्रशासन के निर्देश पर बस मालिक ने बिना सोचे ही बस स्वामी जी के ऊपर चढ़ा दी। स्वामी जी अपने अल्प जीवन के कार्यकाल आप एवं बलिदान से सदा सर्वदा के लिए अपना नाम अमर कर गए ऐसे महान बलदानी रमेश स्वामी जी को उनकी बलिदान दिवस पर तस्वीर सहित संपूर्ण राजस्थान व देश के लोग उन्हें याद करते हैं ऐसे बलदानियों की गाथाओं को वर्तमान युवाओं को जन सुनने एवं पढ़ने के लिए हमें प्रेरित करना चाहिए।



